तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 7 सितंबर 2025



11 संत गोवर्धन शरण महाराज ने की खार पूजा ...





12 गणपति की प्रतिमा का धूमधाम से हुआ...






**खबर संक्षेप**

### कूलर के करंट से महिला की हुई मौत

**नवापारा-राजिम।** नवापारा थाना क्षेत्र के ग्राम कुर्रा में शनिवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। टीआई दीपेश जायसवाल ने बताया कि ग्राम कुर्रा निवासी लक्ष्मी पति सूरज गेंद्रे 24 वर्ष की घर पर रखे कूलर में करंट लगने से मौत हो गई। घटना सुबह करीब 11 बजे हुई, जब लक्ष्मी घर पर मौजूद थी। उस समय घर पर उसका 3 वर्षीय बच्चा और बुजुर्ग दादा ससुर भी मौजूद थे। घटना के वक्त मृतिका का पति सूरज काम पर गया था। हादसे की सूचना मिलने पर वह तत्काल घर पहुंचा और पत्नी को गांव के निजी अस्पताल लेकर गया, लेकिन वहां मौजूद डॉक्टरों ने लक्ष्मी को मृत घोषित कर दिया। तहसीलदार विक्रांत सिंह राठौर की उपस्थिति में पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतका का विवाह वर्ष 2020 में हुआ था। उसका मायका गरियाबंद जिले के राजिम क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तरीघाट बताया जा रहा है।

**घपला : 53 में 40 ग्राम पंचायतों ने बिना कोई काम किए 31 लाख रुपए सफाई के नाम पर निकाल ली**

# 40 पंचायतों ने स्वच्छता के नाम पर 31 लाख का किया गबन, गंदगी का आलम जस का तस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

देवभोग जनपद पंचायत की कई ग्राम पंचायतों पर 15वें वित्त की विकास मद की राशि में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 53 में से 40 ग्राम पंचायतों ने बिना कोई काम किए 31 लाख रुपये से अधिक की राशि सफाई के नाम पर निकाल ली है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांवों में कभी सफाई होते नहीं देखी गई है। त्योहारों और विशेष मौकों पर कागजों में काम दिखाकर राशि निकाल ली जाती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ग्राम पंचायत दिवानमुडा ने सर्वाधिक 2,58,764 खर्च किए, लेकिन वार्डों में गंदगी और नालियों में कचरे का ढेर लगा हुआ है। इसी तरह, झाखरपारा ने 1,46,690 और अमाड पंचायत ने 53,662 खर्च करने के बाद भी स्वच्छता के कोई निशान नहीं हैं। ग्राम पंचायत मुंडिया में 1.90 लाख खर्च करने के बाद भी बस्ती में कीचड़ और गंदगी का आलम है। रिपोर्ट के अनुसार, शासन के नियमों के बावजूद अधिकांश पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन नहीं किया जाता है। कार्य योजनाएं और प्रस्ताव गाँव के बाहर ही बना लिए जाते हैं, जिससे बिना काम के ही पैसों का आहरण हो जाता है। इसके अलावा, कई पंचायतों में बोगस (फर्जी) फर्मों के बिलों का इस्तेमाल हो रहा है, जिनसे धांधली करने में आसानी होती है। ये फर्म वाणिज्य कर विभाग से रजिस्टर्ड तो हैं, लेकिन उन्होंने कई वित्तीय वर्षों से रिटर्न फाइल नहीं किया है।

**देवभोग की पंचायतों में 15वें वित्त की राशि में बड़े पैमाने पर अनियमितता का आरोप**





### पंचायती राज अधिनियम की धारा 40 का उल्लंघन

यह वित्तीय अनियमितता पंचायती राज अधिनियम की धारा 40 का सीधा उल्लंघन है। इसके तहत, वित्तीय मामलों में कदाचार एक गंभीर अपराध है। हालांकि, स्थानीय प्रशासन और जनपद पंचायत इस पर चुप्पी साधे हुए हैं और कोई पड़ताल नहीं कर रहे हैं, जो एक बड़ा सवाल खड़ा करता है।

### सीईओ ने दिया जांच का आश्वासन

जब इस मामले में जनपद पंचायत देवभोग के सीईओ भारतीष भगत से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस संबंध में जानकारी मिली है और वे इसकी जांच कराएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर अनियमितता पाई जाती है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दो मामलों में 41 लीटर शराब जब्त, चार आरोपी गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'नया सवेरा' के तहत दो अलग-अलग कार्रवाई में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इन आरोपियों से कुल 41 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब और दो मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। पांडुका थाना क्षेत्र में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो मोटरसाइकिल सवार अवैध रूप से शराब लेकर जा रहे हैं।

**पहला मामला:** ग्राम टोइयामुड़ा मोड़ पर पुलिस ने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी.23 एल.6938 को रोका। इसमें सवार गजेंद्र निषाद (24 वर्ष) और लुपेश्वर ध्रुव (45 वर्ष), दोनों निवासी ग्राम बारूका, से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब, एक मोबाइल और मोटरसाइकिल जब्त की गई। दोनों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

**दूसरा मामला:** इसी तरह, एक अन्य सूचना पर पुलिस ने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी.23 एफ.1304 को टोइयामुड़ा क्षेत्र में रोका। इसमें सवार टिकेश्वर ध्रुव (32 वर्ष) और देवलाल कमार (25 वर्ष), दोनों निवासी ग्राम बारूका, के पास से 21 लीटर कच्ची महुआ शराब और मोटरसाइकिल बरामद की गई। दोनों आरोपियों को भी धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

### *मोटर साइकिल और मोबाइल भी जब्त*

*पुलिस ने इन दोनों कार्रवाइयों में कुल 41 लीटर कच्ची महुआ शराब (कीमत 6,150), दो मोटरसाइकिलें (कीमत 60,000) और एक मोबाइल (कीमत 5,000) जब्त किए हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस का यह अभियान अवैध शराब के कारोबार पर लगाम कसने के लिए एक मजबूत कदम है और यह दिखाता है कि गरियाबंद पुलिस नशे के खिलाफ लगातार सक्रिय है।*

# मछली सब्जी नहीं बनाने पर बेटे ने मां की पीट पीटकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जोगीडीपा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक कलयुगी बेटे ने केवल मछली की सब्जी न बनाने पर अपनी मां को डंडे से पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, जोगीडीपा निवासी कमलेश नंदे ने अपनी मां की बेरहमी से हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि आरोपी आदतन शराबी था और नशे का आदी था। घटना के दिन उसने अपनी माँ से मछली की सब्जी बनाने को कहा, लेकिन माँ ने इनकार कर दिया। इस मामूली बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। गुस्से में कमलेश ने घर में रखे डंडे से अपनी माँ की तब तक पिटाई की, जब तक वह बेहोश होकर जमीन पर गिर नहीं गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।



### ग्रामीणों ने की कड़ी सजा की मांग

आरोपी कमलेश नंदे अपनी नशे की लत के कारण अक्सर घर में झगड़ा करता था, जिससे परिवार और गाँव वाले परेशान थे। इस जघन्य वारदात के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने आरोपी को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की है। फिलहाल, फिंगेश्वर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।






प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला-गरियाबंद, मो.: 79871-24123

## खबर संक्षेप

### जिपं सभापति नंदनी के जन्मदिन पर आज होंगे विविध कार्यक्रम



**छुईहा बेलर।** जिला पंचायत गरियाबंद की सभापति नंदनी ओंकार साहू का जन्मदिन 7 सितंबर को राजिम भक्तिन माता मंदिर प्रांगण, कौन्दकेरा में मनाया जाएगा। यह आयोजन सुबह 10 बजे से शुरू होगा।सभापति के प्रतिनिधि और हाई स्कूल अध्यक्ष ओंकार साहू ने बताया कि इस अवसर पर कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इनमें संभाग स्तरीय शिक्षक और सेवानिवृत्त शिक्षक शिरोमणि सम्मान समारोह प्रमुख है। इसके अलावा, एक कवि सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नेत्र जांच शिविर और रक्तदान शिविर भी लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं, जिला पंचायत सदस्यों, सरपंचों और अतिथियों का गमछा भेंट कर सम्मान किया जाएगा।

### सरपंच संघ की बैठक कल,15 वें वित्त की राशि पर होगी चर्चा



**छुईहा बेलर।** सरपंच संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक 8 सितंबर को सुबह 11 बजे विश्राम गृह फिंगेश्वर में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में सभी 71 ग्राम पंचायतों के सरपंचों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू और मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य 15वें वित्त आयोग की राशि के बेहतर उपयोग पर विचार-विमर्श करना है। इसके साथ ही, 2025 के वित्तीय वर्ष के लिए अब तक अप्राप्त 15वें वित्त की राशि पर भी चर्चा की जाएगी। इस संबंध में विधायक रोहित साहू से मुलाकात कर समाधान निकालने पर भी विचार किया जाएगा। बैठक में संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, उपाध्यक्ष सुखदेव साहू, राधिका, अमिता मनोज यदु सहित सभी पदाधिकारी और सरपंच उपस्थित रहेंगे।

निरक्षण : मैनपुर क्षेत्र के मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण, कई पर कार्रवाई की तैयारी

# मेडिकल स्टोर्स पर छापा, नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

औषधि नियंत्रक और खाद्य औषधि प्रशासन विभाग के निर्देश पर 5 सितंबर को मैनपुर, देवभोग, उरमाल और अमलीपदर क्षेत्र के मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया गया। यह कार्रवाई औषधि निरीक्षक धर्मवीर सिंह ध्रुव और सतीश सोनी के नेतृत्व में पुलिस विभाग की एक संयुक्त टीम द्वारा की गई। इसका उद्देश्य मेडिकल स्टोर्स में नियमों के पालन को सुनिश्चित करना था। निरीक्षण के दौरान टीम ने मेडिकल स्टोर्स के खरीद-बिक्री बिल, स्टॉक रजिस्टर और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की गहनता से जाँच की। इस जाँच में यह सामने आया कि कुछ दुकानों में दवाइयों की बिक्री का बिल सही ढंग से नहीं रखा जा रहा था, जो कि नियमों का सीधा उल्लंघन है। इस अनियमितता को देखते हुए संबंधित फर्मों को नोटिस जारी किया गया है और उनके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।



### नशीली दवाइयां नहीं मिलीं

*हालांकि, इस निरीक्षण में एक राहत भरी खबर भी सामने आई है। देवभोग, अमलीपदर और उरमाल क्षेत्र में कहीं भी नशीली दवाइयों की बिक्री नहीं पाई गई। यह एक सकारात्मक संकेत है, क्योंकि नशीली दवाइयों का अवैध कारोबार समाज के लिए एक गंभीर समस्या है।*

### लगातार जारी रहेगा अभियान

औषधि निरीक्षक धर्मवीर सिंह ध्रुव ने बताया कि यह अभियान यहीं नहीं रुकेगा। क्षेत्र में पारदर्शिता और नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए ऐसे निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो मेडिकल स्टोर्स संचालक नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इन दिनों मौसमी बीमारियों के चलते दवाइयों की खपत काफी बढ़ गई है। ऐसे में, प्रशासन का यह कदम यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि लोगों को सही दवाइयाँ मिलें और दवाइयों के कारोबार में किसी भी तरह की धांधली न हो। यह कार्रवाई उन सभी मेडिकल स्टोर्स के लिए एक चेतावनी है, जो बिना बिल के कारोबार कर रहे हैं या नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। इस अभियान से उम्मीद है कि क्षेत्र में दवाइयों की बिक्री में और अधिक पारदर्शिता आएगी और नियमों का सख्ती से पालन होगा।

# गणेश पंडाल में गूंजा स्वाहा - स्वाहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शनिवार को रसेला और आसपास के क्षेत्रों में गणेश पंडालों में पूर्णाहुति का कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। विभिन्न स्थानों पर पंडितों और गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ हवन किया गया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। बस स्टैंड के पास व्यापारी संघ द्वारा लगाए गए पंडाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हवन में भाग लिया। इस दौरान /"स्वाहा/" की ध्वनि के साथ आहुतियां दी गईं, जिससे समिधा की सुगंध दूर तक फैल रही थी। गाँव के हृदय स्थल हनुमान मंदिर, बाल समिति स्तंभ चौक, सहाड़ा चौक, गौरा चौक, नाकापारा, रंगमंच, आंगनबाड़ी, आवासपारा और घरों में भी हवन और पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्णाहुति के बाद, भगवान गणेश की महाआरती की गई और भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। पूजा में /"ॐ गं गणपतये सर्व कार्य सिद्धि कुरु स्वाहा और /"ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं गणपतये वर वरद सर्वजनं में वशमानय स्वाहा/" जैसे शक्तिशाली मंत्रों का जाप किया गया।

■ गणेश उत्सव का हुआ समापन, विसर्जन का सिलसिला शुरु

### प्रतिमाओं का विसर्जन

रसेला में वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार, शनिवार की रात सभी गणेश प्रतिमाओं को हनुमान मंदिर के रंगमंच पर लाया गया। यहां रात भर जागरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार, 7 सितंबर की सुबह सभी प्रतिमाओं को एक साथ ट्रैक्टर में रखकर गांव की गलियों में भ्रमण कराया जाएगा और फिर ढोंढगा नाला में विसर्जित किया जाएगा। इस तरह पूरे अंचल में गणेश विसर्जन का कार्यक्रम शनिवार और रविवार को संपन्न होगा।

# शिव शक्ति मानस मंडली ने किया तीज मिलन कार्यक्रम, प्रतियोगिता में महिलाओं का दिखा उत्साह

**छुरा।** नगर के शिव शक्ति मानस मंडली द्वारा तीज पर्व के अवसर पर मानस मंदिर प्रांगण में तीज मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में लकेश्वरी ने प्रथम, लोकेश्वरी ने द्वितीय और पणरिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। व्यंजन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों जैसे ठेठरी, खुरमी, बिड़िया, पपची, अरसा, भजिया और बड़ा को शामिल किया गया। इस प्रतियोगिता में कल्याणी सोनी प्रथम, कमला यादव द्वितीय और हेमलता नायक तृतीय रहीं। मटका फोड़ में इस खेल में भी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण फैशन शो रहा, जिसमें महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी,



राजस्थानी, दक्षिण भारतीय, पंजाबी, वेस्टर्न कल्चर और आदिवासी व बस्तरिया परिधानों को मंच पर उतारा। फैशन शो में प्रिया साहू ने प्रथम, जानकी ने द्वितीय और ममता चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद नृत्य कार्यक्रम हुआ, जिसमें एकल, युगल और सामूहिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। 'खन खन बाजे बैला के घुंघरू' गाने पर ज्योति ठाकुर और भोज कंवर की युगल जोड़ी ने दर्शकों का मन मोह लिया। महिलाओं ने तीज-पोरा, सरगुजा, राउत नाचा, कर्मा, गौरी-गौरा और डांडिया जैसे विभिन्न पारंपरिक नृत्यों पर शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि महेश्वरी शाह ने तीज पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व मायके और ससुराल के संबंधों को मजबूत बनाता है। उन्होंने बताया कि इस दिन बेटियाँ अपने मायके में रहकर दोनों परिवारों की खुशहाली के लिए प्रार्थना करती हैं। शिव शक्ति मानस मंडली की सदस्य कमला यादव ने भी आयोजन के बारे में विस्तार से बात रखी। कार्यक्रम का संचालन शीतल ध्रुव ने किया और आभार प्रदर्शन फुलेश्वरी देवांगन ने किया। इस कार्यक्रम में ज्योति ठाकुर, भोज कंवर, हेमलता नायक सहित नगर की सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया।

## राजिम त्रिवेणी संगम का जलस्तर बढ़ा...



**राजिम।** सिकासार और गंगरेल जलाशयों से पैरी और महानदी में पानी छोड़े जाने से राजिम त्रिवेणी संगम का जलस्तर बढ़ गया है। पानी की तेज धार ने राजिम में स्थित ऐतिहासिक कुलेश्वर महादेव मंदिर के चबूतरे को पूरी तरह से घेर लिया है। यह दृश्य बेहद मनमोहक और किसी समुद्र तट जैसा लग रहा है। जलस्तर बढ़ने के बावजूद, शिवभक्तों को मंदिर तक पहुंचने में कोई परेशानी नहीं हो रही है। वे लक्ष्मण झूले से बहुत आसानी से मंदिर तक पहुंच पा रहे हैं और भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

# धूमधाम से मनाई ईद मिलादुन्नबी सद्भाव और भाईचारे का दिया संदेश

**छुरा।** पिछले एक पखवाड़े से ईद मिलादुन्नबी पर्व को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा था। नगर के मुख्य मार्गों, गलियों और घरों को तोरणों, पताकों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था। छुरा नगर की सद्भावना और परंपरा के अनुसार, हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद-मिलादुन्नबी की बधाई दी। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर सुबह नौ बजे मस्जिद से एक भव्य जुलूस निकाला गया, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस मस्जिद पहुँचा। जुलूस में छोटे बच्चे रंग-बिरंगे कपड़े पहने और सिर पर साफा बाँधे 'नारे-ए-तकबीर' के नारे लगा रहे थे। नौजवान नात शरीफ पढ़ रहे थे, जबकि जुलूस पर लगातार तोप से फूलों की बारिश की जा रही थी, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र रही।

**इस्लाम अमन और इंसानियत का संदेश देता है: मौलाना**-इस अवसर पर मौलाना खान साहब ने अपने तकरीर में कहा कि इस्लाम अमन और चैन कायम करने का संदेश देता है। इसमें जाति-पाति, ऊँच-नीच का कोई भेदभाव नहीं है। उन्होंने बताया कि यह 1500वाँ ईद मिलादुन्नबी का दिन है और हर मोमिन को पैगंबर साहब के



बताए हुए सच्चाई के रास्ते पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि भूखे को खाना खिलाना, माँ-बाप की खिदमत करना और गरीबों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य है। मौलाना ने पैगंबर साहब के जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि उनके आगमन से समाज में फैली तमाम बुराइयाँ और अंधविश्वास खत्म हो गए। उन्होंने सभी को शिक्षा हासिल करने पर जोर दिया ताकि वे एक बेहतर इंसान बन सकें।

**पुलिस प्रशासन ने संभाली व्यवस्था**-इस पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन की तरफ से चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी, जिससे पर्व शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के प्रमुख लोग जैसे अब्दुल समद खान, सिकंदर, सरवर खान, अब्दुल शमीम खान, और अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# एसडीएम ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर के एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम ने शनिवार को तहसील मुख्यालय सहित आसपास के कई सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस कार्रवाई से शिक्षकों में हड़कंप मच गया, क्योंकि अक्सर शनिवार को कई शिक्षक स्कूल नहीं आते और शुक्रवार को ही अपने घरों के लिए निकल जाते हैं।

शिक्षकों की अनुपस्थिति की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उईके के निर्देश पर यह निरीक्षण किया गया। जैसे ही एसडीएम के निरीक्षण की खबर फैली, कई शिक्षकों को हड़बड़ी में स्कूलों की ओर जाते देखा गया। एसडीएम डॉ. मरकाम ने सबसे पहले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मैनपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रार्थना में भाग लिया और छात्रों से बात कर शिक्षकों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों का भी दौरा किया।



### एक दर्जन से ज्यादा शिक्षक पाए गए अनुपस्थित



निरीक्षण के दौरान, एक दर्जन से अधिक शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। इस पर एसडीएम ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। एसडीएम की इस कार्रवाई से यह संदेश गया है कि शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# फुगड़ी व रस्सी कूद में महिलाओं और बच्चों ने लिया उत्साह से भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

गणेश उत्सव के दौरान राजिम के वार्ड क्रमांक 3 में युवाओं द्वारा खेलकूद का एक दिलचस्प आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य उत्सव के माहौल को और भी आकर्षक और मनोरंजक बनाना है। रोजाना शाम को आरती के बाद मोहल्ले के लोग बड़ी संख्या में इन खेलों को देखने के लिए इकट्ठा होते हैं। इन खेलों में कुर्सी दौड़, रस्सी कूद और फुगड़ी जैसे पारंपरिक खेल शामिल हैं, जिनमें मोहल्ले की महिलाएं और बच्चे बड़े उत्साह के साथ भाग लेते हैं। अब तक हुई प्रतियोगिताओं में कुर्सी दौड़ में गौकरण पटेल और रस्सी कूद में रुक्मणी पटेल ने पहला स्थान हासिल किया है। वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल इन खेलों में भाग लेने के लिए महिलाओं और बच्चों को लगातार प्रोत्साहित कर रहे हैं। उनका प्रयास छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों के माध्यम से लोगों को एकजुट करना और सामुदायिक



भावना को मजबूत करना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पिंटू पटेल, सोमेश दुबे, संजू सेन, रंजीत पटेल, हरसू महाराज, मनोज पटेल, चंदन पटेल, विकास पटेल, दुर्गेश पटेल, भूपेंद्र दुबे, पप्पू पटेल और रीमा सेन सहित सभी वार्डवासियों का अच्छा सहयोग मिल रहा है।



**खबर संक्षेप**

## खंडग्रास चंद्र ग्रहण आज मंदिरों के पट रहेंगे बंद

**मैनपुर।** इस वर्ष भाद्रपद मास की पूर्णिमा तिथि, यानी 7 अक्टूबर,



रविवार को खंडग्रास चंद्र ग्रहण लगेगा। दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि इस खगोलीय घटना के कारण धार्मिक अनुष्ठानों और पूजा-पाठ पर कुछ समय के लिए रोक रहेगी। पंडित शर्मा के अनुसार, रविवार, 7 अक्टूबर को सुबह की पूजा के बाद दोपहर 12:57 बजे से मंदिरों के पट बंद हो जाएंगे। सूतक काल लगने के कारण शाम की आरती और पूजा नहीं होगी। ग्रहण काल में मूर्तियों को छूना और पूजा करना वर्जित माना गया है। इसलिए, मंदिरों के पट 8 अक्टूबर, सोमवार को सुबह ही खुलेंगे, जिसके बाद ही पूजा-अर्चना शुरू होगी। ग्रहण काल के दौरान भगवान का भजन, जप और अनुष्ठान करने का विशेष महत्व बताया गया है। ग्रहण के मोक्ष के बाद स्नान कर पूजा-पाठ करने और अन्न-वस्त्र आदि का दान करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

# संत गोवर्धन शरण महाराज ने की खार पूजा किसानों की समृद्धि के लिए मांगा आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



फिंगेश्वर में किसान सेवा समिति और समस्त नगरवासियों द्वारा माता शीतला मंदिर में सुख-शांति और समृद्धि के लिए विशेष पूजन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में प्रसिद्ध संत गोवर्धन शरण महाराज ने खार पूजा को विधि-विधान के साथ संपन्न कराया। पूजा की शुरुआत माता शीतला के दरबार में नौ कन्याओं को नौ देवियों के रूप में पूजकर की गई। इसके बाद एक कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने खार क्षेत्र में स्थित देवी-देवताओं का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा के बाद संत गोवर्धन शरण महाराज और उपस्थित अतिथियों ने माता शीतला मंदिर परिसर में नीम का पौधा रोपा, जो पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है।

**कार्यक्रम में प्रमुख लोगों की उपस्थिति**–इस कार्यक्रम में नगर के प्रथम नागरिक और अध्यक्ष राजेंद्र धनराज सूर्यवंशी, किसान सेवा समिति के संरक्षक राजा निलेन्द्र बहादुर सिंह, भागवत हरित, और योगेश नन्हा ठाकुर सहित कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष योगेश ठाकुर ने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में किसान, मातृशक्ति और नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए, जिन्होंने इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाया।

### संत ने दिया किसानों को आशीर्वाद



संत गोवर्धन शरण महाराज ने उपस्थित किसानों और मातृ शक्तियों को आशीर्वचन देते हुए क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने धान की फसल को बीमारियों से दूर रखने और किसानों को धन-धान्य से परिपूर्ण करने का आशीर्वाद दिया। अतिथियों में भागवत हरित, रामूराम साहू, राजेंद्र धनराज सूर्यवंशी, कमल यदु और भगवताचार्य दिनेश शर्मा भी शामिल थे, जिन्होंने किसानों की खुशहाली की कामना करते हुए सभी को पूजा की बधाई दी।

# शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का विधायक साहू ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

शिक्षक दिवस एवं विधायक इन्द्रकुमार साहू ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के शिक्षको को श्रीफल, शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सासंद बृजमोहन अग्रवाल,कैबिनेट मंत्री गुरू खुशवंत साहेब,विधायक राजिम रोहित साहू,पूर्व मंत्री चंन्द्रशेखर साहू,प्रदेश मंत्री अमित साहू,जिलाअध्यक्ष श्याम नारंग,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रदेश संयोजक अंजेय शुक्ला प्रमुख नेताओ सहित क्षेत्र के हजारो कार्यकर्ता विधायक को बधाई देने पहुंचे। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से एक छोटे से किसान का बेटे को क्षेत्र मे विधायक के रूप मे जनसेवा का दायित्व मिला है आप सभी ने मुझे अपना भाई,बेटा समझकर जो प्रेम व सम्मान दिया है। उसके लिए सदैव ऋणी रहूंगा,क्षेत्र के विकास कार्यो मे कोई कमी नही आने देगे विगत 20 महीने मे करीब 200 करोड़ के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन,लोकार्पण हुआ है



जिस उद्देश्य को लेकर मुझे विधायक बनाया है इसकी रूपरेखा बना ली गई है आने वाले समय मे हमारी योजना है कि दोनो नगर पालिका सहित 126 गांवो मे बैठक का आयोजन कर शक्ति केन्द्रो के माध्यम से हर गांव मे पहुंचकर कार्यकर्ताओ के माध्यम से कार्ययोजना बनाकर प्रत्येक गांव को समान रूप से विकास कार्यो को गति दी जायेगी।

**उपस्थित रहे**–कार्यक्रम मे जनपद अध्यक्ष चंन्द्रिका जितेन्द्र बंजारे,नपां.अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,मंडल अध्यक्ष भरत बैस,नागेन्द्र वर्मा,किशोर साहू,सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मुकेश ढीढी,जप उपाध्यक्ष खेलू राम साहू,सभापति चंचल राजा दीवान,ब्रम्हानंद साहू,संतराम साहू,विवेक तिवारी,हेमलता विनोद चंन्द्राकर,निशा प्रवीण कल्ला, राजेश्वरी ओमप्रकाश ध्रुव,नंदनी महेन्द्र खुटियारे,वर्षा संतोष मिश्रा,रानी मनोज सोनवानी,हिमांशु खरे,कमल तारक,प्राधिकृत अधिकारी प्रदीप शर्मा,अनिल साहू,राजू तारवानी,विजय सिन्हा,लीलाराम साहू,लीला राजा दीवान,रवि सूदनपटेल,पार्षद रूपनारायण साहू,मीना साहू,चंपा लेदेकर,मोहन अग्रवाल,किशन शर्मा,संचित तिवारी,वरूण राठी,हरीश पांडे,बसंत कोसरे,गोयल भट्ट, अंकेश बजाज,शोभाराम साहू आदि बड़ी संख्या मे प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।










संकलनकर्ता– भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता, छुईया मो. 9589469068

**खबर संक्षेप**

## विधायक साहू के प्रयास से पुलों के लिए 4.5 करोड़ स्वीकृत



**छुईहा बेलर।** राजिम विधायक रोहित साहू के प्रयासों से छुईहा-कसेरूडीह मार्ग और खैरझिटी पुल के लिए 4.5 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। इस स्वीकृति से क्षेत्र में एक बड़ी समस्या का समाधान हो गया है। छुईहा से कमार बस्ती होते हुए कसेरूडीह तक हाल ही में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पक्की सड़क का निर्माण किया गया था, लेकिन इस मार्ग पर पुल अधूरा था। अब विधायक के प्रयासों से इन तीनों पुलों के निर्माण के लिए 4.5 करोड़ की स्वीकृति मिल गई है। भाजपा नेता और छुईहा के सरपंच गजेश्वर सिन्हा ने विधायक रोहित साहू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग थी, जो अब पूरी हो गई है। उन्होंने बताया कि इन पुलों के बनने से 10 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी और खासकर बरसात के दिनों में लोगों को आवागमन में होने वाली दिक्कतें दूर हो जाएंगी। इस पुल निर्माण से छुईहा, कसेरूडीह, कुंडेल, मुरमुरा और जमाही जैसे आसपास के गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। ग्रामीणों ने इस निर्णय पर खुशी जताते हुए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

## ध्रुव गोंड़ समाज का नवाखाई मिलन समारोह आज

**मैनपुर।** नगर में आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज द्वारा 7 सितंबर, रविवार को नवाखाई मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव और अन्य वरिष्ठ जन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। रामकृष्ण ध्रुव ने समाज के सभी बंधुओं से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## निशुल्क आयुश स्वास्थ्य शिविर 15 को

**मैनपुर।** नगर के दुर्गा मंदिर परिसर में 15 सितंबर, सोमवार को विकासखंड स्तरीय निशुल्क आयुश स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। डॉ. सुमन बागची ने क्षेत्र के सभी लोगों से इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## नाचबो नचाबो सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता 8 को

**मैरपुर।** पैरी युवा मंच द्वारा मैनपुर नगर के जिड़ार रोड में 8 सितंबर, सोमवार को शाम 7:00 बजे से 'नाचबो नचाबो' सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम को लेकर युवाओं में खासा उत्साह है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## महाभंडारे में हजारों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

**मैनपुर।** मैनपुर नगर में युवा मंच गणेश उत्सव समिति द्वारा महाभंडारे का आयोजन किया गया। इस महाभंडारे में क्षेत्रभर से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। युवा मंच के सदस्यों ने कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए थे, जिसकी सभी ने सराहना की।

**निधन**

## गोवर्धन सिन्हा

**मैनपुर।** सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्पादन मैनपुर गोवर्धन सिंन्हा का शनिवार को निधन हो गया।गोवर्धन सिंन्हा गरियाबंद वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र मैनपुर उत्पादन में सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। वे ग्राम पंचायत जांगड़ा के उपसरपंच एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता भानु सिंह के वहां पिता थे।



## खेमराज पटेल

**मैनपुर।** मैनपुर से लगे ग्राम हरदीभाठा निवासी खेमराज पटेल उम्र लगभग 47 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। ज्ञात हो कि खेमराज पटेल बैंक मित्र के रूप में लंबे समय से कार्य कर रहे थे और सोमवार को उनका तबियत अचानक खराब हुई जिसका उपचार रायपुर के अस्पताल में किया जा रहा था उनके अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में मैनपुर व आसपास के गांवों से लोग शामिल हुए।









**विसर्जन**

# गणपति की प्रतिमा का धूमधाम से हुआ विसर्जन, नाचते-गाते दी बप्पा को विदाई

### पंडालों और घरों से निकली प्रतिमाओं की शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

11 दिनों तक चले गणेश उत्सव का शनिवार को धूमधाम से समापन हो गया। नवापारा-राजिम सहित पूरे अंचल में स्थापित गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन महानदी के तट पर किया गया। इस दौरान पंडालों और घरों से निकली प्रतिमाओं की शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ नाचते-गाते हुए भक्त अपने प्रिय भगवान गणेश को विदाई देने महानदी के तट पर पहुंचे। इस दौरान हर किसी के चेहरे पर खुशी और आंखों में नमी का मिलाजुला भाव देखा गया। विसर्जन के दौरान गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। भक्तों ने 11 दिनों तक घरों और पंडालों में विधि-विधान से भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना की थी। हवन-पूजन के बाद प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया गया। महानदी की पवित्र धारा में प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही, यह कामना की गई कि बप्पा अगले साल फिर से उनके घरों में पधारें और सभी के जीवन में सुख-समृद्धि लाएं। विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद रही, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

- अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों से गूंजी महानदी

### घरों में भी दिखा भक्ति का माहौल



घरों में स्थापित छोटी गणेश प्रतिमाओं का भी परिवार के सदस्यों द्वारा विसर्जन किया गया। कई महिलाएं अपने घरों के सामने रंगोली सजाकर और आरती की थाली लेकर शोभायात्रा का इंतजार करती रहीं। जैसे ही भगवान की शोभायात्रा उनके घर के सामने से गुजरी, उन्होंने पूरी श्रद्धा के साथ आरती उतारकर पूजा-अर्चना की।



## सुबह से देर शाम तक गणेश प्रतिमाओ का होता रहा विसर्जन

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर और आसपास के पूरे विकासखंड में शनिवार को भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से किया गया। बीते ग्यारह दिनों से चल रहे गणेशोत्सव का देर शाम तक चले विसर्जन कार्यक्रम के साथ समापन हो गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। सुबह से ही मैनपुर और हरदीभाठा स्थित तालाबों में छोटी-बड़ी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया। युवा मंच, बाजार चौक, जय दुर्गा गणेश उत्सव समिति हरदीभाठा, सुभाष चौक, बालमंडली, जयंती नगर, पटेल पारा, और बस स्टैंड जैसी समितियों ने ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्राएं निकालीं। इन शोभायात्राओं में भक्त गुलाल उड़ाते और ढोल की थाप पर थिरकते हुए नजर आए। कई श्रद्धालु अपने सिर पर गणेश प्रतिमाएं लेकर चल रहे थे, तो कहीं पालकी, मोटरसाइकिल, कार, ट्रैक्टर और पिकअप जैसे वाहनों का इस्तेमाल किया गया। पूरे रास्ते 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारे गूंजते रहे।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

गणेश विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मैनपुर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा पुलिस बल के साथ लगातार गश्त करते रहे। तालाबों पर भी बड़ी संख्या में पुलिस के जवान तैनात किए गए थे, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को टाला जा सके। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों की वजह से विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।



### क्षमा याचना और सुख-समृद्धि की कामना



भक्तों ने तालाब पहुंचकर विधि-विधान से भगवान गणेश की आरती की और उनसे सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए क्षमा याचना की। विसर्जन के साथ ही, यह कामना की गई कि गणपति बप्पा अगले साल फिर से उनके घरों में पधारें और सभी का कल्याण करें।

## जिले में हुआ गणेश विसर्जन, गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजा नगर

**गरियाबंद।** आस्था और उमंग के रंगों में रंगा गरियाबंद नगर शनिवार को विघ्नहर्ता गणपति बप्पा की विदाई का साक्षी बना। सुबह से ही पूरा शहर भक्तिमय हो उठा, जब ढोल-ताशों और जयकारों के बीच गणपति प्रतिमाएं शोभायात्रा के साथ छिंद तालाब की ओर बढ़ीं। इस दौरान 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के नारों से पूरा नगर गूंज उठा। गणेश विसर्जन यात्रा में बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी बप्पा की भक्ति में झूमते-नाचते नजर आए। पारंपरिक गीतों और आरती के साथ महिला श्रद्धालुओं ने भी विदाई में भाग लिया। श्रद्धालुओं के चेहरों पर बप्पा को विदाई देने की भावुकता साफ झलक रही थी। प्रशासनिक रूट से निकली प्रतिमाएं तिरंगा चौक, मस्जिदपारा और पुराने बाजार से होते हुए छिंद तालाब पहुंचीं, जहाँ भक्तों ने एक-एक कर अपने आराध्य को विसर्जित किया। पुराना मंगल बाज़ार स्थित सिन्हा परिवार के घर इस वर्ष भी गणेशोत्सव विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। यह उनके यहाँ 53वीं गणेश स्थापना थी। बुजुर्गों द्वारा शुरू की गई यह परंपरा आज भी पूरे विधि-विधान से निभाई जाती है। परिवार की महिलाओं ने विशेष मंत्रों और आरती के साथ बप्पा को विदाई दी। 11 दिनों तक यहाँ मोदक का प्रसाद वितरण, सजावट और सामूहिक आरती का आयोजन किया गया।



### सुरक्षा और व्यवस्था प्रशासन की सराहनीय भूमिका

गणेश विसर्जन और ईद मिलादुन्नबी के पर्व एक साथ होने के बावजूद, पुलिस प्रशासन ने शांति और भाईचारे का माहौल बनाए रखा। थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम चौक-चौराहों से लेकर छिंद तालाब तक मुस्तैद रही। इसके साथ ही, नगर पालिका की टीम ने भी श्रद्धालुओं की मदद और साफ-सफाई की जिम्मेदारी संभाली। अधिकारी अश्वनी वर्मा ने बताया कि पूजा सामग्री और हवन के अवशेष सीधे तालाब में नहीं जाने दिए गए, बल्कि उन्हें नदी में विसर्जित किया गया ताकि छिंद तालाब की स्वच्छता बनी रहे। पुलिस, गोताखोर और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने मिलकर पूरे विसर्जन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराया।

### धार्मिक सद्भाव की मिसाल

*इस वर्ष गणेश विसर्जन और ईद मिलादुन्नबी का जुलूस एक साथ निकलने पर दोनों समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इस संगम ने यह संदेश दिया कि भारत की असली ताकत उसकी गंगा-जमुनी तहजीब और धार्मिक एकता है।*

### भक्ति का महासागर

*गणेश विसर्जन के दौरान छिंद तालाब का हर कोना भक्तिरस से सराबोर हो उठा। जयकारों, आरती और गुलाल के बीच जब बप्पा तालाब की लहरों में विलीन हुए तो कई श्रद्धालु भावुक हो गए। विदाई का यह क्षण हर भक्त के मन में अगले वर्ष फिर से बप्पा के आगमन की उम्मीद जगा गया।*

# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के लिए शपथ दिलाकर साक्षरता रैली निकाली गई

**फिंगेश्वर।** साक्षरता सप्ताह के अवसर पर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में 'उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' के सफल क्रियान्वयन के लिए एक शपथ समारोह और साक्षरता रैली का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना था। संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने बताया कि 'उल्लास' एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसे 'सभी के लिए शिक्षा' के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इसका लक्ष्य 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के उन सभी वयस्कों को सशक्त बनाना है, जिन्हें शिक्षा प्राप्त करने का अवसर नहीं मिला। साहू ने आगे बताया कि यह योजना सिर्फ पढ़ने-लिखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आजीवन सीखने को प्रोत्साहित करती है और शिक्षार्थियों को महत्वपूर्ण जीवन कौशल भी सिखाती है। इस कार्यक्रम का पाठ्यक्रम शिक्षार्थियों के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक परिवेश को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, ताकि उनमें अपनेपन और गौरव की भावना पैदा हो सके। उन्होंने इस योजना को केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक आंदोलन बताया, जिसका लक्ष्य एक उज्ज्वल भविष्य और सशक्त नागरिकों का निर्माण करना है। इस रैली में प्राचार्य पूरन लाल साहू के साथ, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर, रेखा सोनी, गीतांजलि नेताम, संतोषी गिलहरे, रुद्रप्रताप साहू, कीर्ति निषाद, क्लर्क दुष्यंत साहू, तोमन राम साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




# इमदाद फाउंडेशन ने किया 1500वां ईद मिलादुन्नबी पर जश्न का आयोजन

**नवापारा-राजिम।** इमदाद फाउंडेशन के तत्वावधान में 1500 साल जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर खत्री कॉलोनी में 1 सितम्बर को प्रातः 11 बजे सर्वसमाज के लिए डॉक्यूमेंट शिविर आयोजित किया गया। रात्रि में 5 से 8 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का नातिया मुकाबला सम्पन्न हुआ। 2 सितम्बर को 11 बजे श्री मेडीशाइन हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर व दवाइयों का वितरण तथा रात्रि में 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का नातिया मुकाबला हुआ। 3 सितम्बर को दोपहर 3 बजे महिलाओं का मिलाद कार्यक्रम। रात्रि 9 बजे पुरुषों का नातिया प्रोग्राम आयोजित हुआ। 4 सितम्बर को 11 बजे राजिम एवं नवापारा के सभी अस्पतालों एवं सक्षम दिव्यांग बच्चों को फल वितरण किया गया। सायं 7 बजे जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्रकुमार साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमकुमारी-संजय कुमार साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में डॉ. बलजीत सिंह, अभनपुर परिक्षेत्र सतनामी समाज प्रमुख राधाकृष्ण टंडन, जिला सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी,परदेशी राम साहू ,डॉ. के आर सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि संजय साहू, उपसरपंच सुनीता सिंह, सहदेव कंसारी, केकती सोनवानी, जीना निषाद, पूजा कंसारी, लोमेश्वरी साहू उपस्थित थे। इमदाद फाउंडेशन की ओर से हाजी एजाज खत्री, रजा भाटी, अनीस अहमद तंवर, शाहिद सुलड़ा, अब्दुल रहीम, रिजवान खोखर, इस्तियाक ढेबर, जुनेद सोलंकी, नुरुल रिजवी, असलम मेमन, अशरफ खत्री, तौफिक,अहमद रिजवी,अकबर सोलंकी, बबलू खान, इम्तियाज सोलंकी, हाजी अरसद मौजूद रहे। संचालन रियाज खान ने किया। आभार बिलाल अहमद रिजवी ने किया। कार्यक्रम में विधायक इंद्रकुमार साहू के करकमलों से नात प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त दो प्रतिभागियों को 2 कंप्यूटर सेट, द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को 2 साइकिल तथा तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को 2 ट्रॉली बैग प्रदान किए गए। पूरे आयोजन में क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ईद मिलादुन्नबी के इस ऐतिहासिक 1500वें साल को भाईचारे एवं अमन-शांति के संदेश के साथ यादगार बनाया।



## मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता, जिले की पंचायतों में क्यूआर कोड की नई पहल

# क्यूआर कोड से मनरेगा कार्यों की मिलेगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में पारदर्शिता लाने के लिए गरियाबंद जिले की सभी ग्राम पंचायतों में एक नई डिजिटल पहल शुरू की गई है। इसके तहत, हर पंचायत के लिए एक विशेष क्यूआर कोड तैयार किया गया है, जिसे पंचायत भवनों और प्रमुख स्थानों पर लगाया जा रहा है। यह क्यूआर कोड मनरेगा कार्यों को जनता के लिए पूरी तरह सुलभ और पारदर्शी बनाने का एक बड़ा कदम है। ग्रामीण अपने मोबाइल से इन कोड्स को स्कैन करके पिछले तीन वर्षों में हुए सभी स्वीकृत और चल रहे कार्यों की पूरी जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।






### यह जानकारियां मिलेंगी

- *पिछले तीन वर्षों में गांव में मनरेगा के तहत स्वीकृत हुए कार्यों की सूची।*
- *प्रत्येक कार्य पर स्वीकृत राशि और उसका विस्तृत व्यय विवरण।*
- *चल रहे कार्यों की वर्तमान स्थिति।*
- *जॉब कार्ड धारकों की कुल और सक्रिय संख्या।*
- *100 दिनों का कार्य पूरा करने वाले श्रमिकों की जानकारी।*
- *कुल सृजित मानव दिवस और उस पर खर्च हुई राशि का विवरण।*

### जनभागीदारी और जवाबदेही को बढ़ावा

जिला कलेक्टर भगवान सिंह उइके के मार्गदर्शन और जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर की देखरेख में यह पहल लागू की गई है। सीईओ प्रखर चंद्राकर ने बताया कि यह पहल ग्रामीणों को सीधे योजनाओं की निगरानी करने का अधिकार देती है। अब ग्रामीण यह देख सकेंगे कि उनके गांव के विकास कार्यों पर कितना पैसा खर्च हुआ है और उसका उपयोग किस स्तर पर हुआ है। इससे अनियमितताओं पर रोक लगेगी और सरकारी योजनाओं पर जनता का भरोसा मजबूत होगा। यह प्रणाली न केवल पारदर्शिता सुनिश्चित करती है, बल्कि ग्रामीणों को सशक्त भागीदार भी बनाती है। वे अब सिर्फ दर्शक नहीं, बल्कि अपने गांव के विकास की सीधी निगरानी कर सकेंगे। यह पहल गरियाबंद जिले की सभी जनपद पंचायतों में लागू की जा रही है, जिससे विकास कार्यों की जानकारी हर ग्रामीण तक आसानी से पहुंचेगी।

